Regarding need to link Darbhanga with Patna-Purnia Expressway-laid

श्री गो पा ल जी ठाकुर (दरभंगा) **:** मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । प्रस्तावित पटनापूर्णिया एक्सप्रेस-वे का अलाइनमेंट निर्धारण कार्य पूर्ण हो चुका है और यह उत्तर बिहार में सुरक्षित एवं तीव्र आवागमन हेतु अत्यंत महत्त्वपूर्ण परियोजना है । किंतु खेद का विषय है कि इस एक्सप्रेस-वे में उत्तर बिहार के प्रमुख नगर दरभंगा को कनेक्टिविटी प्रदान करने का प्रावधान नहीं रखा गया है । दरभंगा में एम्स की स्थापना प्रगति पर है तथा दरभंगा हवाई अड्डा आज क्षेत्र का प्रमुख हवाई केंद्र बन चुका है । साथ ही, दरभंगा चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार एवं परिवहन के लिए सहरसा, सु पौ ल, अररिया, पूर्णिया सहित पूर्वी बिहार के अनेक जिलों की जीवनरेखा है । ऐसे में इस महत्वपूर्ण परियोजना से दरभंगा को असंबद्ध रखना जनभावनाओं के प्रतिकूल प्रतीत होता है । अतः मैं माननीय मंत्री महोदय से विनम्र अनुरोध करता हू ँ कि पटना पूर्णिया एक्सप्रेस-वे से दरभंगा को जोड़ने हेतु एक समर्पित लिंक रोड या उपमार्ग की स्वीकृति प्रदान की जाए । इससे एम्स एवं हवाई अड्डे तक पहुँच सुगम होगी, क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी तथा लाखों नागरिकों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा । अतएव, मंत्रालय से अपेक्षा है कि इस विषय पर आवश्यक सकारात्मक कार्रवाई की जाए ।